संसदीय राजभाषा समिति की "निरीक्षण प्रश्नावली" पर प्रशिक्षण कार्यशाला

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों/अनुभागों से नामित राजभाषा नोडल कर्मचारियों के लिए दिनांक 30 जनवरी, 2025 को एक दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजभाषा नोडल कर्मचारियों को संसदीय राजभाषा समिति को प्रस्तुत की जाने वाली **"निरीक्षण प्रश्नावली"** पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विस्तार प्रभाग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन श्री आर. आनंद, कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान महोदय ने किया। उन्होंने अपने भाषण में सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला के विषय की गंभीरता को समझने और अपने प्रभाग/कार्यालय से संबंधित जानकारी ध्यानपूर्वक भरने को कहा। श्री आनंद ने अपने वक्तव्य में राजभाषा के नियमों और अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं संचालनकर्ता श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को संसदीय राजभाषा समिति और निरीक्षण प्रश्नावली पर आवश्यक जानकारी साझा की। पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को निरीक्षण प्रश्नावली के विभिन्न बिंदुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित प्रतिभागियों में से वरिष्ठ कार्मिक श्री रमेश सिंह, सहायक ने भी उक्त विषय पर अपने अनुभव सांझा किए। कार्यशाला के आयोजन में श्री दिनेश चंद्र, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी और श्री अमन रावत, बहुकार्य कर्मी का सहयोग रहा।

कार्यशाला की कुछ झलकियाँ